# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–23.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

- राज्य की 81 विधानसभा सीटों के लिए वोटों की गिनती जारी, अबतक के रूझानों में इंडी गठबंधन ने 50 सीटों पर बनायी बढ़त, एनडीए 30 सीटों पर आगे।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बरहेट सीट से आगे, धनवार से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की बढ़त बरकरार, सिल्ली से आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो झामुमो प्रत्याशी से पीछे।
- सरायकेला से पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा उम्मीदवार चंपई सोरन भारी मतों से आगे, गांडेय से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भाजपा की मुनिया देवी से पीछे।
- सबसे पहले तोरपा और अंतिम में आएगा चतरा विधानसभा सीट का चुनाव परिणाम, अंतिम नतीजे शाम पांच बजे के पहले तक आने की संभावना।

*****************

राज्य की सभी 81 विधानसभा सीटों के लिए सुबह आठ बजे से मतगणना जारी है। अब तक मिले रूझानों में इंडी गठबंधन 50 सीटों पर बढ़त बनाये हुए है जबकि एनडीए 30 सीटों पर आगे है। वहीं एक सीट पर अन्य दल आगे है। झारखंड के इतिहास में यह पहली बार होगा जब लगातार दूसरी बार कोई सरकार दोबारा सत्ता में आयेगी। इसके अनुसार झारखंड में एकबार फिर हेमंत सरकार सरकार बनाती दिख रही है। हेमंत सरकार के कई मंत्री चुनावी मैदान में हैं। बरहेट से चुनाव मैदान में उतरे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाजपा के गैमेलियम हेंब्रम से 12 हजार आठ सौ से अधिक वोटों से आगे चल रहे हैं। लोहरदगा से मंत्री और कांग्रेस उम्मीदवार रामेश्वर उरांव भी 12 हजार वोटों से बढ़त बनाये हुए हैं, यहां उनका मुकाबला एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत से हो रहा है। वहीं मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, बन्ना गुप्ता और मिथिलेश ठाकुर पीछे चल रहे हैं। चतरा सीट पर इस बार राजद के सत्यानंद भोग्ता चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। उनकी जगह इंडी गठबंधन ने श्री भोग्ता की बहू रश्मि प्रकाश को चुनाव में उतारा है। इस सीट पर लोजपा–आर के उम्मीदवार जनार्दन पासवान आगे चल रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन भी गांडेय विधानसभा सीट से पीछे चल रही हैं। यहां भाजपा की मुनिया देवी लगातार बढ़त बनाये हुए हैं।

उधर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी गिरिडीह जिले की धनवार विधानसभा सीट से आगे चल रहे हैं। चंदनकियारी से भाजपा उम्मींदवार और वर्तमान विधानसभा में विपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी पीछे चल रहे हैं। इस सीट पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार उमाकांत रजक 12 हजार से अधिक वोटों से बढत बनाए हुए हैं। नाला विधानसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी और विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र कुमार महतो आगे चल रहे हैं। देवघर राजद प्रत्याशी बढ़त बनाये हुए हैं। पाकुड़ सीट की बात करें तो कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम 31 हजार से अधिक मतों से आगे चल रही हैं। पोटका से भाजपा उम्मीदवार और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा भारी मतों से आगे चल रही हैं। इधर सरायकेला से भाजपा प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भारी मतों से जीत की ओर बढ़ रहे हैं। जमशेदपुर पश्चिमी से जदयू प्रत्याशी सरयू राय कांग्रेस प्रत्याशी बन्ना गुप्ता से लगातार आगे चल रहे हैं। जमशेदपुर पूर्वी से पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास साहू बढ़त बढ़ायी हुई हैं। घाटशिला में चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन लगभग एक हजार वोटों से आगे चल रहे हैं।

दुमका में भाजपा प्रत्याशी सुनील सोरेन 26 हजार से अधिक वोटों से बढ़त बनाये हुए हैं। डुमरी विधानसभा सीट पर झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी, जेएलकेएम प्रत्याशी जयराम महतो से आगे हैं। बड़कागांव से कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद एनडीए प्रत्याशी रोशनलाल चौधरी के मुकाबले 17 हजार वोटों से पीछे चल रही हैं।

*****************

रांची जिले की सात विधानसभा सीटों पर गिनती जारी है। रांची से भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह 40 हजार से अधिक वोटों से झामुमो प्रत्याशी महुआ माजी से आगे चल रहे हैं। हटिया सीट पर एनडीए प्रत्याशी नवीन कुमार जायसवाल और कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव के बीच कांटे की टक्कर है। कांके सीट पर भाजपा के जीतूचरण राम बढ़त बनाये हुए हैं।

तमाड़ सीट से जदयू प्रत्याशी राजा पीटर पीछे हैं जबकि विकास मुंडा आगे चल रहे हैं। मांडर से कांग्रेस की शिल्पी नेहा तिर्की आगे चल रही हैं जबकि भाजपा के सन्नी टोप्पो दूसरे स्थान पर हैं। सिल्ली सीट से आजसू प्रमुख सुदेश महतो पीछे चल रहे हैं। यहां से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के अमित कुमार सात हजार नौ सौ से अधिक वोटों से बढत बनाए हुए हैं।

*****************

झारखंड विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, चंपाई सोरेन और कई मंत्रियों तथा पूर्व मंत्रियों समेत एक हजार दो सौ ग्यारह प्रत्याशियों के राजनीतिक भविष्य का आज फैसला हो जायेगा।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*****************

राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण तरीके से वोटों की गिनती जारी है। जमशेदपुर पूर्वी में चल रही मतगणना के रूझानों की जानकारी के लिए सीधे चलते हैं हमारे संवाददाता राजेश लाल दास के पास , राजेश जी रूझान क्या कह रहे हैं–

अब जानते हैं साहिबगंज जिले में मतगणना के रूझान। अधिक जानकारी के लिए सीधे जुड़ते हैं हमारे संवाददाता से, अनंत बताएं क्या अपडेट हैं–

उधर हजारीबाग जिले में वोटों की गिनती जारी है। मतगणना केन्द्र पर हमारे संवाददाता गौरव प्रकाश मौजूद हैं। चलते हैं उनके पास, गौरव बताएं क्या ताजा जानकारी है।

धनबाद जिले में भी कड़ी सुरक्षा में मतों की गिनती जारी है। अधिक जानकारी के लिए सीधे चलते हैं हमारे संवाददाता दीपक के पास, दीपक जिले के सभी निर्वाचन क्षेत्रों के मतगणना के रूझान क्या कह रहे हैं

लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में मतों की गिनती का काम जारी है और 10 राउंड की गिनती अब तक हो चुकी है जिसमें इंडी गठबंधन के उम्मीदवार डॉ रामेश्वर उरांव अपने निकटतम प्रतिद्वंदी आजसू की नीरू शांति भगत से आगे चल रहे हैं। वहां क्या तस्वीर है यह जानने के लिए चलते हैं संवाददाता के पास, गोपी कृष्ण जी अबतक क्या अपडेट हैं–

*****************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि अंतिम चुनाव परिणाम शाम पांच बजे तक आने की संभावना है। उन्होंने कहा बताया कि सबसे कम 13 राउंड की मतगणना तोरपा विधानसभा क्षेत्र की है और लिट्टीपाड़ा में सिर्फ 14 राउंड की मतगणना होगी, जबकि सबसे अधिक 27 राउंड की मतगणना चतरा विधानसभा क्षेत्र की होगी।

झारखंड में सर्वाधिक मतदान पर संतोष व्यक्त करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विजयी प्रत्याशियों की सूची राज्यपाल को सौंपने के साथ चुनावी प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

************